# नेशनल सीड्स कारपोरेशन लिमिटेड,

(भारत सरकार का उपकम)

क्षेत्रीय कार्यालय, लक्ष्य प्लाजा, **INS-19,** सेक्टर 7 सी, वृदांवन योजना,

अमर शहीद पथ, लखनऊ–226029 **Telephone No:** 0522–7118213

---

पत्रांकः एन0एस0सी0 / क्षे0का0–लख0 / एच.आर0 / 2023–24 दिनांकः– 18 / 03 / 2024

## अल्पकालिन–निविदा

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ पर उपलब्ध अनुपयुक्त फोटोकापी मशीन माडल–MP 2014AD Digital Multifunctional Office Machine की निलामी हेतु सीलबंद निविदा दिनांक 26.03.2024 को आमंत्रित की जा रही है।

इच्छुक निविदादाता क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ पर किसी कार्य दिवस में निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते है, साथ ही निविदा प्रपत्र निगम की website- www.indiaseeds.com से भी निशुल्क download/प्राप्त किये जा सकते है । निविदा दिनांक 26.03.2023 को अपरान्ह 13.00 बजे तक जमा करनी होगी जो कि इसी दिन 14.30 बजे खोली जायेगी ।

क्षेत्रीय प्रबंधक

## निविदा के नियम व शर्त निम्न प्रकार हैः–

1–इच्छुक निविदा दाताओं द्वारा अनुपयुक्त सामग्री का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस पर राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ पर आकर किया जा सकता है।

2–सभी निविदादाताओं को बन्द लिफाफे में निविदा जमा करानी होगी ।

3–निविदा दाता को अपने आधार कार्ड एवं पेन कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति निविदा प्रपत्र के साथ जमा करनी होगी।

4–निविदा दाता को अपना जी.एस.टी. नम्बर की स्वप्रमाणित प्रति भी निविदा प्रपत्र के साथ जमा करनी होगी।

5–खरीदे गये सामग्री पर टेक्स/जी0एस0टी0/TCS नियमानुसार देय होगा।

6–निविदा में दी जाने वाली दरें केवल निर्धारित प्रपत्र में ही मान्य होगी।

7–उल्लेखित दरें अंकों व शब्दों में स्पष्ट रूप से उल्लेखित होनी चाहिये।

8–कटिंग व ओवरराइटिंग यथासंभव न की जाय, यदि हो तो उस पर निविदादाता के हस्ताक्षर होना चाहिये।

9–सफल निविदा दाता को स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 05 दिन के भीतर GST, TCS व आयकर सहित पूर्ण भुगतान जमा करना होगा अन्यथा कुल धनराशि पर 18 प्रतिशत अतिरिक्त जमा करना होगा।

10–अनुपयुक्त सामग्री को स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 07 दिनों के भीतर हर हाल में उठाना अनिवार्य होगा ।

11–सफल निविदा दाता को अनुपयुक्त सामग्री जहाँ है जिस हालत में है उठानी होगी। निगम को आइटम घटाने/बढ़ाने अथवा निस्तारण न करने का पूर्ण अधिकार होगा।

12–निस्तारण किया गया सामान किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान दिया जायेगा। यदि निविदादाता निस्तारण की गयी आइटम को अपने किसी प्रतिनिधि द्वारा उठवाता है तो उसके पास सामान को प्राप्त करने का अथॉरिटी लेटर होना चाहिये तथा निविदादाता द्वारा एन.एस.सी को इस बारे में पूर्व लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा।

13–राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड का कोई भी कर्मचारी या उनके परिवार का सदस्य नीलामी में किसी भी प्रकार से भाग लेने का अधिकारी नहीं है।

14–यदि कोई निविदादाता निगम के किसी कर्मचारी/अधिकारी से अनुचित लाभ लेने हेतु कोई सिफारिश करता हुआ पाया जाता है चाहे कारण जो भी हो, तो उसे निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।

15–राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड को पूरा अधिकार होगा कि वह किसी भी बिना कारण बताये निविदा को निरस्त कर सकते है और इस विषय मे कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय सर्वमान्य होगा।

16–यदि किसी भी नियम शर्त के कारण एन.एस.सी और दूसरे पक्ष के बीच कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो दोनों पक्ष इसे आपसी समझ और चर्चा के माध्यम से हल करने का विकल्प चुनेंगे। यदि चर्चा उपरान्त भी विवाद बना रहता है तो यह दोनों पक्षों के लिये बाध्य होगा कि वह समय–समय पर संशोधित किये गये मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के तहत मुद्दों को हल करने का प्रयास करेंगे। इस प्रावधान के तहत, दोनों पक्षों की सहमति से अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस मुद्दे को हल करने के लिये एकमात्र मध्यस्थ नियुक्त करेंगे और दोनों पक्षों को मध्यस्थ का निर्णय मान्य होगा। दोनों पक्ष न्यायिक अदालत में जाने से पहले मध्यस्थता के माध्यम से इस विवाद को हल करने के लिये बाध्य होंगे। मध्यस्थता नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी और अंग्रेजी भाषा में होगी। उपरोक्त पर दिल्ली की अदालत का क्षेत्राधिकार होगा।

17–निविदा को निरस्त करने के सभी अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेंगे।

# " निविदा फॉर्म "

सेवा में,

क्षेत्रीय प्रबन्धक,

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड,

क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ ।

विषयः– आपकी निविदा दिनांक 26.03.2024 के सम्बन्ध में।

महोदय,

निम्न लिखित अनुपयुक्त सामग्री क्रय हेतु हम/मैं अपनी दरें निम्न प्रकार प्रस्तुत करता हूं–

| क्र.सं. | अनुपयुक्त सामग्री का नाम | मात्रा नग | दर रू मे | कुल धनराशि (रूपये) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MP 2014AD Digital Multifunctional Office Machine | 1 | | |

निविदा फार्म के साथ सलग्ंन आपकी सभी शर्ते एवं नियम मुझे मंजुर हैं और शर्ते मानने के लिए बाध्य हैं ।

| | |
|---|---|
| आधार कार्ड विवरण | |
| पैन कार्ड विवरण | |
| जी.एस.टी. नम्बर का विवरण | |

प्रार्थी के हस्ताक्षर/नाम –...................

प्रार्थी का पताः–..................................

............................................................

मोबाइल न0 –...................................